Bareilly, Wednesday,
16 December 2020
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - 2.50/-
Outside Bareilly City - 3/-
Pages 12

दैनिक जागरण

PAGE NO . 8 TOP

वेबिनार में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी • सौजन्य से एसआरएमएस

शिक्षक व विद्यार्थियों को दी मशीन लर्निंग की जानकारी

बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एवं रिसर्च में मंगलवार को कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग की ओर से वेबिनार का आयोजन किया गया। डाटा साइंस फॉर न्यू स्टार्टअप विषय पर हुए वेबीनार में देश के कई इंजीनियरिंग कॉलेज के 240 से ज्यादा शिक्षकों व विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। वेबीनार में ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति व सचिव आदित्य मूर्ति आनलाइन उपस्थित रहे। मुक्त वक्ता के रूप में बोहितेश मिश्र एडवाइजर, एट फिनटेक स्टार्टअप एक्सपे ने आइओटी, बिग डाटा, मशीन लर्निंग, डाटा माइनिंग व डाटा साइंस पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के हेड डॉ. अनुज कुमार ने सभी का स्वागत किया। वेबीनार में एसआरएमएस सीईटी के डीन एकेडमिक डॉ. प्रभाकर गुप्ता, सीआइटीआर के प्रिंसिपल डॉ. राकेश दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वि.